तापमान
अधिकतम 18 .4 डिग्री
न्यूनतम 4 .0 डिग्री

हरिभूमि
# रोहतक भूमि

रोहतक, शनिवार 10 जनवरी 2026

15 हॉस्पिटैलिटी और पर्यटन युवाओं के लिए करियर ...



16 स्ट्रे डॉग से बचाने में नोडल अफसर करेंगे मदद...



**3,67851 उपभोक्ता प्रभावित**

# अब 15 दिन में मिलेगा एक सिलेंडर, गैस की कालाबाजारी पर लगेगी लगाम

**पहले हर माह कई रसोई गैस सिलेंडर ले सकते थे उपभोक्ता ▶▶ तेल कंपनियों ने किया बड़ा बदलाव**

विजय अहलावत ▶▶ रोहतक

घरेलू रसोई गैस उपभोक्ताओं के लिए एक बड़ी और महत्वपूर्ण खबर सामने आई है। तेल कंपनियों ने गैस सिलेंडर की डिलीवरी व्यवस्था में बड़ा बदलाव करते हुए नया नियम लागू किया है। अब उपभोक्ताओं को 15 दिन की अवधि में केवल एक ही गैस सिलेंडर मिलेगा। इसके साथ ही सिलेंडर की डिलीवरी ओटीपी (वन टाइम पासवर्ड) सत्यापन के बाद ही की जाएगी। इस फैसले से रोहतक जिले के करीब 3,67,851 उपभोक्ता सीधे तौर पर प्रभावित होंगे। साथ ही गैस को ब्लैक में बेचने वाले लोगों पर भी लगाम कसी जाएगी। अब उपभोक्ता जरूरत के अनुसार एक माह में एक से अधिक सिलेंडर बुक कर सकते थे, खासकर वे परिवार जिनमें गैस की खपत अधिक होती थी। लेकिन नए नियम के तहत अब एक सिलेंडर लेने के बाद अगले 15 दिन तक दूसरा सिलेंडर नहीं मिलेगा। चाहे उपभोक्ता के पास दो या उससे अधिक कनेक्शन क्यों न हों। यह कदम कालाबाजारी रोकने के लिया किया गया है।



### ओटीपी से फर्जीवाड़े पर लगेगी रोक

नए नियम के तहत गैस सिलेंडर की डिलीवरी अब ओटीपी के बिना नहीं होगी। जब उपभोक्ता सिलेंडर बुक करेगा, तो उसके पंजीकृत मोबाइल नंबर पर एक ओटीपी आएगा। डिलीवरी के समय डिलीवरी बॉय उसी ओटीपी को दर्ज करेगा, तभी सिलेंडर सौंपा जाएगा। इससे यह सुनिश्चित होगा कि सिलेंडर सही उपभोक्ता को ही मिले और डिलीवरी से जुड़ी गड़बड़ियों पर अंकुश लगे।

### उपभोक्ताओं में चिंता, गैस किल्लत की आशंका

हालांकि, इस फैसले से आम उपभोक्ताओं में चिंता बढ़ गई है। बड़े परिवारों, ढाबों से जुड़े घरेलू कनेक्शन और ज्यादा खपत वाले घरों को अब परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। उपभोक्ताओं का कहना है कि अगर किसी कारणवश सिलेंडर जल्दी खत्म हो गया तो 15 दिन तक इंतजार करना मुश्किल होगा। इससे गैस की किल्लत पैदा हो सकती है और लोगों को वैकल्पिक ईंधन का सहारा लेना पड़ सकता है। उपभोक्ताओं ने बताया कि त्योहारों, शादी-विवाह या पारिवारिक आयोजनों के समय गैस की खपत अचानक बढ़ जाती है। ऐसे में नया नियम उनके लिए असुविधाजनक साबित हो सकता है।

### सिलेंडर दूसरी जगह बेचे जाने की मिल रही थी शिकायत

तेल कंपनियों के अधिकारियों के अनुसार, कई जगहों पर शिकायतें मिल रही थीं कि सिलेंडर की डिलीवरी बिना उपभोक्ता की मौजूदगी के दिखाकर उसे दूसरी जगह बेच दिया जाता था। ओटीपी व्यवस्था से इस तरह की शिकायतों में कमी आएगी।

### प्रशासन और कंपनियों की अपील

तेल कंपनियों और गैस एजेंसियों ने उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे गैस का उपयोग सावधानीपूर्वक करें और सिलेंडर खत्म होने से पहले ही बुकिंग कराएं। साथ ही अपना मोबाइल नंबर गैस कनेक्शन से अपडेट रखें, ताकि ओटीपी संबंधी किसी प्रकार की समस्या न हो।

### पीएनजी कनेक्शन ले सकते हैं लोग

रोहतक में पीएनजी गैस पाइपलाइन का काम कई इलाकों में चल रहा है, खासकर महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (एमडीयू) के आवासीय परिसर में भारत पेट्रोलियम (बीपीसीएल) के साथ एमओयू के बाद कनेक्शन दिए जा रहे हैं। सेक्टर 1, 2, 3, 4, सेक्टर 14 जैसे क्षेत्रों में भी स्थानीय इंस्टॉलेशन सेवाएं उपलब्ध हैं, लेकिन पूरी शहर में कवरेज के लिए अभी और विस्तार की जरूरत है। इसके अलावा सोनीपत रोड स्थित रामगोपाल, तिलक नगर, मॉडल टाउन, जसबीर कॉलोनी आदि एरिया में पाइप लाइन बिछाई जा चुकी है। राजीव गांधी खेल स्टेडियम के पास पाइप लाइन दबाई जा रही है। डीएलएफ में भी काम चलज रहा है। इस साल इसे पुराने शहर में ले जाने की योजना है, जिससे हजारों लोगों को पीएनजी कनेक्शन मिलने में आसानी रहेगी। अधिकारियों का कहना है कि यह गैस सिलेंडर गैस से काफी सस्ती होती है इसलिए लोगों को पीएनजी कनेक्शन लेने चाहिए।

## खबर संक्षेप

### सड़क हादसे में बाइक सवार की मौत

सांपला। नेशनल हाईवे नंबर 9 चुलियाना मोड़ के पास सड़क हादसे में एक बाइक सवार की मौत हो गई। पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, गुरुवार की देर शाम गिझी गांव निवासी हरि ओम खरावड़ कंपनी से ड्यूटी करके अपनी बाइक पर घर लौट रहा था। बताया चुलियाणा मोड़ के पास अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दी। जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे तुरंत अस्पताल में दाखिल कराया गया,जहां उसने दम तोड़ दिया।

### फुटबॉल खिलाड़ियों का ट्रायल बहलबा में आज से

**महम।** प्रदेश स्तरीय खेलों के लिए फुटबॉल खिलाड़ियों का चयन करने के लिए शनिवार 10 जनवरी और रविवार 11 जनवरी को बहलब गांव में ट्रॉयल का आयोजन किया जाएगा। फुटबॉल एसोसिएशन पंचकूला के जिला अध्यक्ष आर डी अत्री ने बताया कि अंडर 17 आयु वर्ग के लड़कों की फुटबॉल ट्रॉयल बहलबा खास गांव के तीर्थ खेल स्टेडियम में सुबह 9 बजे शुरू हो जाएगी।

### निर्माण सामग्री की जांच की मांग

**रोहतक।** खरावड़ के अंकित ने डीसी को पत्र भेजकर मांग की है कि उनके गांव में गोशाला शेड के निर्माण में जो सामग्री प्रयोग की जा रही है, वह निम्न स्तर की है। पिछले दिनों मामले की जांच के लिए अतिरिक्त उपायुक्त गोशाला आए थे। लेकिन इसके बाद आज तक कोई भी कार्रवाई नहीं की गई है। शिकायतकर्ता का कहना है कि अतिरिक्त उपायुक्त पंचायत विभाग के तकनीकी विभाग के अधिकारी मामले को दबाने में लगे हुए हैं।

### मानसरोवर कॉलोनी में लूटपाट के आरोपी बरी

**रोहतक।** मानसरोवर कॉलोनी में मकान में हुई लूट के मामले में एडीजे रजनी यादव की कोर्ट में सुनवाई हुई। कोर्ट ने सबूतों के अभाव में दो आरोपियों को बरी कर दिया है। जबकि एक व्यक्ति की इस मामले में मौत हो चुकी है। मामले के अनुसार, 22 अगस्त 2021 को पुलिस स्टेशन सिविल लाइन को सूचना मिली कि मानसरोवर कॉलोनी के निवासी कपिल के घर में चोरी हुई है।

### मदविः सॉफ्ट स्किल्स पर कार्यक्रम 13 से

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के डीन स्टूडेंट्स वेलफेयर कार्यालय के अंतर्गत यूथ सेंटर फॉर स्किल डेवलपमेंट फॉर ऑल सर्विसेज द्वारा शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए सॉफ्ट स्किल्स एवं एसएसबी गाइडेंस कार्यक्रम के चौथे बैच का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम 13 जनवरी 2026 से 2 फरवरी 2026 तक आयोजित किया जायेगा। कार्यक्रम में एमडीयू एवं उससे संबद्ध महाविद्यालयों और संस्थानों के नियमित व पूर्व छात्र भाग लेंगे।

**अमरूत का दंश : अधूरे प्रबंधन और डायवर्जन से हो रहे बड़े हादसे, आमजन परेशान**

# भ्रष्टाचार की सीवर लाइन, 200 करोड़ खर्चने के बाद भी अधूरी

**बार-बार खुदाई करने से गड्ढों में बदली सड़क**

*सबसे व्यवस्तम हाईवे दिल्ली रोड पर निर्माण के चलते सड़क धंस रही। इससे दुर्घटनाओं का खतरा कई गुना बढ़ा, लोग बोले-काम की नहीं हो रही मॉनिटरिंग इस लिए बार-बार बदली जा रही सीवर लाइन।*

- सीवरेज योजना की संशोधित लागत 219 .95 करोड़ रुपये है, जिसमें लगभग 201.32 करोड़ पूंजीगत और 18 .63 करोड़ ऑपरेशन व मेंटेनेंस पर खर्च हुए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

दिल्ली जाने वाले प्रमुख मार्ग पर अमरूत योजना के तहत बिछाई गई सीवरेज लाइन का 936 मीटर हिस्सा आमजन के लिए गंभीर समस्या बन चुकी है। अमरूत योजना के तहत कराए गए इस सीवरेज कार्य पर 200 करोड से भी ज्यादा की राशी खर्च की गई, लेकिन योजना के क्रियान्वयन में हुई गड़बड़ियों के कारण यह लाइन अब हादसों और अव्यवस्था का कारण बन रही है। दिल्ली रोड जैसे व्यस्त मार्ग पर लगातार बनाए गए डायवर्जन से वाहन चालकों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। यह लाइन पिछले काफी समय से दिक्कत में होने के कारण यहां की सड़क का भी निर्माण नहीं हो पा रहा है। सीवर लाइन की मरम्मत होने के बाद यहां सड़क निर्माण किया जाना है।

### लागत 219.95 करोड़

इस योजना के तहत सीवरेज योजना की संशोधित लागत 219.95 करोड़ रुपये है, जिसमें लगभग 201.32 करोड़ रुपये पूंजीगत लागत और 18.63 करोड़ रुपये ऑपरेशन व मेंटेनेंस पर खर्च हुए हैं। मूल समझौता लागत 193.23 करोड़ रुपये थी, जिसे बाद में बढ़ाया गया। इस परियोजना का कार्य वर्ष 2018 में शुरू हुआ और इसकी समय-सीमा 2020 थी, जिसे बढ़ाकर फरवरी 2024 तक किया गया। अप्रैल 2024 तक करीब 201 करोड़ रुपये का कार्य पूरा दिखाया गया है। इसमें तकनीकी समस्या यह है कि इस लाइन के पांच मैनहोल के ज्वाइंट अपनी जगह से अलग हो गए। जिसके कारण यह समस्या आई और इसी के कारण उपर से बनी सड़क भी नीचे की तरफ धंस गई।





रोहतक। दिल्ली रोड पर सड़क को कई बार तोड़ा जा चुका। निर्माण कार्य कछुए की चाल से चल रहा काम, जो परेशानी बढ़ा रहा है। फोटो : हरिभूमि

### कई पंपिंग मशीनरी भी स्थापित हुई

शहर में कई वाटर ट्रीटमेंट प्लांट, क्लियर वाटर रिजर्वायर पंप हाउस, एलटी पैनल और पंपिंग मशीनरी स्थापित की गई। कन्हेली, बलियाना, सुनारिया खुर्द, पहरावर, बोहर मेलवान, गढ़ी बोहर, बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय सहित अनेक स्थानों पर करोड़ों की लागत से क्षमता बढ़ाने के कार्य किए गए। कई जगह 2.5 एमएलडी, 22 एमएलडी और 0.9 एमएलडी क्षमता के वाटर ट्रीटमेंट प्लांट लगाए गए, जिनकी स्थिति भी पूरी दर्ज है।

### कई बार हो चुके हादसे

दिल्ली रोड शहर का सबसे व्यस्त और प्रमुख मार्ग है, जहां से रोजाना हजारों वाहन गुजरते हैं। सीवरेज लाइन के काम के चलते यहां लंबे समय से डायवर्जन लगाए गए हैं। ये डायवर्जन न तो स्पष्ट हैं और न ही सुरक्षित तरीके से बनाए गए हैं। रात के समय उचित संकेतक और रोशनी न होने के कारण वाहन चालकों को रास्ता समझने में परेशानी होती है, जिससे छोटे-बड़े हादसे लगातार हो रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि कई बार दोपहिया वाहन चालक और पैदल राहगीर इन अव्यवस्थित डायवर्जन की चपेट में आ चुके हैं।

### काम पूरा, लेकिन समस्या बरकरार

विभागीय रिकॉर्ड में सीवरेज लाइन का कार्य पूरा दिखाया जा रहा है, लेकिन जमीनी स्तर पर हालात अलग हैं। कई जगहों पर सीवरेज लाइन के ऊपर की सड़क धंस चुकी है, जबकि कुछ स्थानों पर बार-बार खुदाई के कारण सड़क कमजोर हो गई है। बारिश या सीवरेज ओवरफ्लो की स्थिति में सड़क पर गंदा पानी जमा हो जाता है, जिससे फिसलन बढ़ जाती है और दुर्घटनाओं का खतरा कई गुना बढ़ जाता है।

### स्थानीय लोगों में नाराजगी

दिल्ली रोड से सटे इलाकों के दुकानदारों और निवासियों का कहना है कि सीवरेज लाइन का काम शुरू होने के बाद से उनकी परेशानी लगातार बढ़ती जा रही है। व्यापार प्रभावित हो रहा है और आवागमन में समय अधिक लग रहा है। लोगों का आरोप है कि न तो काम की सही मॉनिटरिंग की गई और न ही समय पर सड़क की मरम्मत करवाई गई। सामाजिक संगठनों ने मांग की है कि 936 मीटर की इस सीवरेज लाइन में हुई गड़बड़ियों की जांच कराई जाए और जिम्मेदार अधिकारियों व ठेकेदारों की जवाबदेही तय की जाए।

### इंजीनियर बोले, जल्द ठीक होगी सड़क

यहां पर जो समस्या आई हुई है, उसे जल्द ही ठीक कर लिया जाएगा। काम के दौरान दोनों तरफ सांकेतिक बोर्ड भी लगाए हुए है। ताकि वाहनों को आने जाने में किसी तरह की परेशानी का सामना न करना पड़े। हालांकि काम के दौरान थोड़ी समस्या आती है, लेकिन इसे जल्द ही ठीक कर आमजन के लिए यह सड़क खोल दी जाएगी। -अनुराग कुमार, प्रोजेक्ट इंजीनियर

**कारणों का पता नहीं चल पाया**

# सांपला के वार्ड-2 में अधेड़ ने की खुदकुशी



सांपला। मौके पर जांच करतीं एफएसएल टीम की प्रमुख डॉ.सरोज दहिया। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सांपला

कस्बे के वार्ड नंबर 2 में अज्ञात कारणों के चलते एक अधेड़ व्यक्ति द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या करने का मामला सामने आया है। मृतक की पहचान दिल्ली के सेक्टर-15 द्वारका निवासी 47 वर्षीय नवीन पुत्र ओमप्रकाश के रूप में हुई है। नवीन पिछले करीब एक वर्ष से सांपला के वार्ड नंबर 2 में अकेला रह रहा था और पशुपालन कर दूध बेचकर अपने परिवार का पालन-पोषण करता था। गुरुवार रात नवीन ने अपने कमरे में फांसी लगाकर जीवन समाप्त कर लिया। देर रात करीब दस बजे पड़ोसियों को घटना की जानकारी मिली, जिसके बाद तुरंत पुलिस को सूचना दी गई। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए पीजीआई रोहतक भिजवाया। घटना की सूचना मिलते ही मृतक के परिजन भी सांपला पहुंच गए। बताया गया है कि नवीन दो बच्चों का पिता था और मेहनत-मजदूरी के साथ पशुपालन कर परिवार की जिम्मेदारी निभा रहा था। आत्महत्या के कारणों का अभी तक पता नहीं चल सका है। पुलिस ने मामले में कार्रवाई करते हुए जांच शुरू कर दी है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों का खुलासा हो सकेगा।

### जिद में खाटू श्याम पहुंचीं दो नाबालिग सहेलियां, पुलिस ने सुरक्षित बरामद किया

**स्कैनर भेजने पर राजस्थान में मिला सुराग रोहतक लाकर बयान दर्ज**

**रोहतक।** चार दिन पहले लापता हुईं 11वीं कक्षा में पढ़ने वाली दो नाबालिग सहेलियों को पुलिस ने सुरक्षित बरामद कर लिया है। दोनों सहेलियां जिद में घर से निकलकर खाटू श्याम मंदिर पहुंच गई थीं। मोबाइल फोन बंद होने के कारण पुलिस को उनकी तलाश में दिक्कत आ रही थी, लेकिन तकनीकी जांच और स्कैनर भेजने के बाद राजस्थान में उनका सुराग लग गया। इसके बाद पुलिस टीम उन्हें वहां से लेकर रोहतक पहुंची। दोनों छात्राएं सैनी कॉलेज रोड स्थित एक स्कूल में 11वीं कक्षा की छात्रा हैं। एक जनवरी को वे स्कूटी पर स्कूल जाने के लिए घर से निकली थीं, लेकिन इसके बाद वापस नहीं लौटीं। देर शाम तक जब उनका कोई पता नहीं चला तो परिजनों ने तलाश शुरू की, परंतु दोनों के मोबाइल फोन बंद मिले। दो दिन बाद राजस्थान की ओर से अहम जानकारी मिली और परिजनों को बुलकार सौंप दिया गया। राजस्थान से बरामद करने के बाद पुलिस दोनों छात्राओं को रोहतक लेकर आई। यहां उनके बयान दर्ज किए गए। औपचारिक प्रक्रिया पूरी करने के बाद पुलिस ने दोनों को उनके परिजनों के सुपुर्द कर दिया।

**अवैध निर्माण ढहाए, पुलिस भी मौके पर रही मौजूद**

# गांव जिंदरान कलां में अवैध कॉलोनी पर चला पीला पंजा

*नगर योजनाकार बोले, अवैध कॉलोनियों में जीवनभर की कमाई न लगाएं लोग, कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी*

हरिभूमि न्यूज. रोहतक

जिला प्रशासन द्वारा जिला के नियंत्रित एवं शहरी क्षेत्रों में अवैध रूप से किये जा रहे निर्माणों/कालोनियों पर अंकुश लगाने के लिए नियमित रूप से अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत शुक्रवार को गांव जिंदरान कलां में 1 अवैध निर्माण को गिराया गया। तोड़-फोड़ के दौरान जिला नगर योजनाकार कार्यालय के अधिकारी तथा कर्मचारी मौजूद रहे। तथा कानून व्यवस्था बनाए रखने व किसी भी अप्रिय घटना से निपटने के लिए पर्याप्त पुलिस बल तोड़ फोड़ अमले के साथ मौजूद रहा। जिला नगर योजनाकार सुमनदीप ने नागरिकों से अपील की है कि वे अपने जीवन की पूंजी अवैध निर्माणों या डीलर/भू-मालिकों द्वारा काटी जा रही अवैध कालोनियों में निवेश न करें क्योकि इस तरह की विभागीय कार्यवाही समय-समय पर प्रशासन द्वारा अमल में लाई जायेगी। उन्होंने नागरिकों से अनुरोध किया है कि वे अपनी पूंजी को निवेश करने से पहले स्थानीय सैक्टर-1 स्थित उनके कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस में आकर पूछताछ कर सकते हैं।



**छोटे-मोटे कामों के लिए देने पड़ रहे 50 से 200 रुपये तक**

# 50 हजार श्रमिक हो रहे परेशान, श्रम कार्यालय में बनाया जाए हेल्प डेस्क

**दूसरों पर नहीं रहना पड़ेगा निर्भर**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

जिले में तकरीबन 50 हजार से ज्यादा पंजीकृत श्रमिक हैं। इनमें हरियाणा कौशल रोजगार निगम के तहत विभिन्न सरकारी विभागों में कार्यरत कर्मचारी भी शामिल हैं। सरकार श्रमिकों को तमाम तरह की छोटी-छोटी मोटी सुविधाएं उपलब्ध कराती है। सुविधाओं के लिए ऑनलाइन आवेदन करना पड़ता है। चूंकि श्रमिक ज्यादा पढ़ा लिखा होता नहीं और इसलिए आवेदन के लिए दूसरे पर निर्भर रहना पड़ता है। किसी अटल सेवा केंद्र से आवेदन कराते हैं तो उन्हें एक छोटे से काम के लिए 200-200 रुपये तक ऐंठ लिए जाते हैं। जबकि इस कार्य के लिए 50-100 रुपये ही लिए जाने चाहिएं। पैसे देने के बाद भी ये तय नहीं होता है कि सेवा केंद्र के संचालक ने आवेदन सही किया है या नहीं। आवेदन सहीं नहीं होगा तो फिर श्रमिक को स्कीम का लाभ मिलेगा नहीं। आवेदन करते हुए त्रुटि रहना कोई बड़ी बात नहीं होती है। क्योंकि संचालक स्कीम के बारे में ज्यादा जानकारी नहीं रखता है। हालांकि आवेदन करते समय सभी प्रकार की शर्त स्कीम के साथ ही विभाग की बेवसाइट पर उपलब्ध होती हैं।

### ये हैं प्रमुख स्कीम



हरियाणा सरकार श्रमिकों के लिए विवाह शगुन 21,000 रुपये, बच्चों की शिक्षा 8,000-20,000 रुपये, साइकिल/यात्रा भत्ता 3,000/साइकिल, 1,500/यात्रा), और स्वास्थ्य सहायता जैसी कई कल्याणकारी योजनाएं चलाती है, जो श्रम कल्याण बोर्ड के माध्यम से दी जाती हैं। जिसमें चिकित्सा, सांस्कृतिक गतिविधियों और तकनीकी शिक्षा के लिए वित्तीय मदद शामिल है, जिसका उद्देश्य श्रमिकों और उनके परिवारों का सामाजिक और आर्थिक उत्थान करना है।

### लघु सचिवालय में कार्यालय

लघु सचिवालय की पुरानी बिल्डिंग में श्रम आयुक्त का कार्यालय है। यहां सरकार ने हेल्प डेस्क बनाकर श्रमिकों के ऑनलाइन आवेदन समेत दूसरे कार्य कराने चाहिएं। ताकि उन्हें अटल सेवा केंद्रों में न जाना पड़े। इस कार्य के लिए फीस निर्धारित की जा सकती है। काम खुद विभाग करेगा तो आवेदन करने में गलती की गुंजाइश नहीं बचेगी।

### कार्य पर्चियों से ही श्रमिकों को योजनाओं का मिलता है लाभ

पिछले दिनों श्रम विभाग में करीब 1500 करोड़ रुपये के कार्यपर्ची (वर्कस्लिप) घोटाले में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कड़ा संज्ञान लिया था। इन कार्यपर्चियों के सत्यापन और श्रमिकों के पंजीकरण से जुड़ी अनियमितताओं की जांच के लिए मुख्यमंत्री ने एक उच्चस्तरीय जांच समिति का गठन करके एक महीने में जांच रिपोर्ट देने के आदेश दिए हैं। जांच कमेटी में दो आईएएस व एक आईपीएस अधिकारी शामिल हैं। बताया जा रहा है कि श्रम मंत्री अनिल विज ने स्वयं ही अपने विभाग में यह घोटाला पकड़ा था और मुख्यमंत्री के समक्ष उच्च स्तरीय जांच की सिफारिश की थी। इन कार्यपर्चियों के आधार पर ही श्रमिकों को श्रम विभाग की सरकारी योजनाओं का लाभ मिलता है।



# 'इश्क दा चेहरा' ने दर्शकों को कर दिया इमोशनल

**मुंबई।** बॉलीवुड एक्टर सनी देओल की वॉर ड्रामा 'बॉर्डर 2' का नया गाना 'इश्क दा चेहरा' रिलीज हो गया है। ये एक सोलफुल रोमांटिक मेलोडी गाना है, जो दर्शकों के सामने एक मूवी का एक इमोशनल एंगल दर्शा रहा है। गाने में दिखाया गया है कि कैसे देश के साथ-साथ जवान अपनी पर्सनल लाइफ में भी अपने परिवार को कितना प्यार करते हैं। कैसे उनकी पत्नियां उनका इंतजार करती हैं और एक दिन आता है कि वो वापस उन्हें छोड़कर अपनी धरती मां की रक्षा के लिए बॉर्डर पर लौट जाते हैं। 'बॉर्डर 2' के दूसरे गाने 'इश्क दा चेहरा' ने दर्शकों को इमोशनल कर दिया है। इस गाने को दिलजीत दोसांझ, सचेत टंडन और परंपरा टंडन ने मिलकर गाया है। गाना का म्यूजिक सचेत-परंपरा ने दिया है जबकि लिरिक्स कौसर मुनीर ने लिखे हैं। फिल्म के कास्ट की बात करें तो इसमें सनी देओल के अलावा फिल्म में वरुण धवन, दिलजीत दोसांझ, अहान शेट्टी, मोना सिंह, सोनम बाजवा, आन्या सिंह और मेधा राणा जैसे स्टार्स अहम रोल में हैं। यह फिल्म 23 जनवरी 2026 को सिनेमाघरों में धमाका करने आ रही है।

## लाइफ Style



# शनाया

## खौफ से शुरू हुई एक अनोखी प्रेम कहानी

फिल्म 'तू या मैं' एक्टर संजय कपूर की बेटी शनाया कपूर की दूसरी फिल्म है। इस फिल्म का टीजर सामने आ चुका है। टीजर में यह फिल्म एक आम लव स्टोरी नहीं लग रही, पहली झलक में यह ऑडियंस को डराती है।

एजेंसी ▸▸| मुंबई

'तू या मैं' के टीजर में शनाया कपूर का किरदार स्विमिंग पूल में नजर आता है, वह रिलैक्स कर रही होती है। अचानक उसे लगता है कि पूल के अंदर कोई है। यह सीन खौफ पैदा करता है। आगे टीजर में एक लव स्टोरी, रोमांस नजर आता है। लेकिन फिर कहानी बदलती है और लीड कैरेक्टर एक बड़ी मुश्किल में फंस जाते हैं। दोनों को अब बस अपनी जिंदगी बचानी है। फिल्म 'तू या मैं' एक सर्वाइवल थ्रिलर है। फिल्म में दर्शको को प्यार, रोमांस के अलावा सस्पेंस भी देखने को मिलेगा। फिल्म की कहानी का जहां तक सवाल है तो इसमें दो इंफ्लुएंसर हैं, जो एक बड़ी मुश्किल में फंस जाते हैं, इस दौरान उनका सामना मौत से होता है। इस स्टोरी लाइन के साथ फिल्म 'तू या मैं' बन रही है। फिल्म में शनाया कपूर के अपोजिट आदर्श गौरव नजर आ रहे हैं। फिल्म 'तू या मैं' की रिलीज डेट तो मेकर्स ने शेयर की है।

यह फिल्म फरवरी महीने में वैंलटाइन वीक में रिलीज हो सकती है। इसकी रिलीज डेट 13 फरवरी है। शनाया कपूर ने फिल्म 'आंखों की गुस्ताखियां' से बॉलीवुड में डेब्यू किया था। इसमें वह विक्रांत मैसी के साथ नजर आईं। जल्द ही उनकी फिल्म 'तू या मैं' रिलीज होगी। फिल्म 'तू या मैं' के अलावा शनाया कपूर एक और फिल्म में नजर आएंगी। इस फिल्म का नाम 'जेसी' है।

## हॉलीवुड मसाला



# 83वें गोल्डन ग्लोब में अवॉर्ड करेंगी प्रेजेंट

**लॉस एंजिल्स।** रविवार 11 जनवरी को लास एंजिल्स में होने वाले गोल्डन ग्लोब अवॉड्र्स में अब अभिनेत्री प्रियंका चोपड़ा प्रेजेंटेटर्स में शामिल हो गई हैं। आयोजकों की ओर से इस बात की जानकारी दी गई। जिसके बाद जाहिर है कि प्रियंका भी इस अवॉर्ड फंक्शन में अवॉर्ड प्रेजेंट करती नजर आएंगी। गोल्डन ग्लोब्स के आधिकारिक सोशल मीडिया पोस्ट के अनुसार, प्रियंका चोपड़ा हॉलीवुड अभिनेत्री जूलिया रॉबट्र्स, अभिनेता जॉर्ज क्लूनी और मिला कुनिस के साथ स्टेज पर अवॉड्र्स प्रेजेंट करेंगी। प्रियंका लंबे समय बाद इस प्रतिष्ठित मंच पर नजर आएंगी। प्रेजेंटर्स की इस स्टार-स्टडेड लिस्ट में कई और बड़े नाम भी शामिल हैं। 83वें गोल्डन ग्लोब अवॉड्र्स 11 जनवरी को लॉस एंजिल्स के बेवर्ली हिल्टन होटल में आयोजित होंगे। इसमें फिल्म, टेलीविजन और पहली बार पॉडकास्ट के क्षेत्र में इस साल शानदार काम करने वालों को सम्मानित किया जाएगा।




# बॉलीवुड फिल्म में काम करना चाहती हैं सोफी

**लॉस एंजिल्स।** बॉलीवुड कलाकारों की हॉलीवुड के एक्टर-एक्ट्रेस के प्रति दीवानगी किसी से छिपी नहीं है। लेकिन हॉलीवुड में भी अपने देश के कलाकारों की फैन फॉलोइंग कोई कम नहीं है। अब हाल ही में 'गेम ऑफ थ्रोन्स' में अपनी भूमिका के लिए जानी जाने वाली एक्ट्रेस सोफी टर्नर ने बॉलीवुड स्टार्स दीपिका पादुकोण और शाहरुख खान के प्रति अपनी दीवानगी जाहिर की है। इसके साथ ही सोफी टर्नर ने जल्द ही किसी बॉलीवुड फिल्म में काम करने की इच्छा भी जाहिर की। उन्होंने कहा कि मैं सचमुच किसी बॉलीवुड फिल्म में काम करना चाहूंगी। मुझे वहां का डांस बहुत पसंद है। मुझे लगता है कि यह एक अद्भुत नजारा होता है और वे बहुत खूबसूरत होते हैं। प्रोडक्शन डिजाइन इतना शानदार होता है कि मुझे नहीं लगता कि हमने कभी किसी हॉलीवुड फिल्म सेट पर ऐसा कुछ देखा होगा। सोफी टर्नर ने अभी तक किसी भी भारतीय सिनेमा में काम नहीं किया है। हालांकि, उन्होंने 2018 में अपने पूर्व बहनोई निक जोनस और प्रियंका चोपड़ा की शादी के जश्न के लिए भारत का दौरा किया था।



# नवलगढ़ में घूंघट की शूटिंग करने पहुंचीं

**मुंबई।** अभिनेत्री तापसी पन्नू इस वक्त राजस्थान के झुंझुनू जिले के नवलगढ़ में हैं। वे यहां अपनी फिल्म की शूटिंग के सिलसिले में पहुंची हैं। सेट से एक्ट्रेस की तस्वीरें सामने आई हैं, जिनमें वे खाकी वर्दी पहने दिख रही हैं। पुलिस ऑफिसर के गेटअप में तापसी काफी रौबदार अंदाज में नजर आ रही हैं। तापसी का यह लुक फिल्म 'घूंघट' का है। अभिनेत्री तापसी पन्नू अपनी फिल्म 'घूंघट' को लेकर सुर्खियों में हैं। इस फिल्म में वे खाकी वर्दी पहने नजर आएंगी। तापसी इन दिनों नवलगढ़ में फिल्म की शूटिंग में व्यस्त हैं। सेट से सामने आई तस्वीरों में अभिनेत्री तापसी महिला थानेदार के गेटअप में नजर आ रही हैं। तापसी की यह फिल्म अनुपम सिन्हा और मकबूल खान के निर्देशन में बन रही है। सेट से लीक हुई तस्वीरों और वीडियो में तापसी पन्नू महिला थानेदार की वर्दी पहने हुए नजर आ रही हैं।



# ओ रोमियो का फर्स्ट लुक आया सामने

**मुंबई।** शाहिद कपूर की मच अवेटेड फिल्म 'ओ रोमियो' का फर्स्ट लुक शुक्रवार को सामने आ गया है। इस पहले लुक में शाहिद काफी खूंखार अंदाज में नजर आ रहे हैं। लाल रंग के बैकग्राउंड में शाहिद का चेहरा खून से लथपथ दिख रहा है। वहीं वो जोश में चीखते दिख रहे हैं। पोस्टर को देखकर ऐसा लगता है कि शाहिद और विशाल भारद्वाज एक बार फिर 'कमीने' जैसा कुछ अलग लाने वाले हैं। इसके साथ ही मेकर्स ने ये भी साफ कर दिया है कि फिल्म की पहली झलक या टीजर शनिवार को सामने आएगा। 13 फरवरी को फिल्म सिनेमाघरों में रिलीज होगी। विशाल भारद्वाज के निर्देशन में बन रही इस फिल्म का दर्शकों को बेसब्री से इंतजार है। फिल्म की घोषणा के बाद से ही फैंस फिल्म की झलक पाने के लिए बेकरार थे। अब शाहिद कपूर के इस पहले पोस्टर को ही देखकर फैंस उत्साहित हो गए हैं।

## टीवी मसाला



# 1985 में 'विक्रम और बेताल' शो ने रचा था इतिहास

**नई दिल्ली।** टीवी जगत के ऐसे कई शोज हैं, जिनको आज भी याद किया जाता है। इसमें रामायण, महाभारत और शक्तिमान समेत कई शो हैं, जो लोगों के दिलों में बस चुके हैं। 80 और 90 के दशक में टीवी शोज का दौर हुआ करता था। उस टाइम में आने वाले नए-नए शो लोगों के लिए किसी त्योहार से कम नहीं हुआ करते थे। पूरी फैमिली के साथ टीवी सीरियल देखने का मजा ही अलग था। उस वक्त ना यूट्यूब और ना ही ओटीटी बस टीवी शो ही एकमात्र मनोरंजन का जरिया हुआ करते थे। बात करेंगे उस पुराने टीवी शो की जो 41 साल बाद भी लोगों को याद है। दूरदर्शन पर आने वाला यह शो अपनी लोककथाओं और पौराणिक कहानियों पर बेस्ड था। इस शो में वो सभी कलाकार नजर आए थे, जो रामायण और महाभारत में भी देखे गये थे। अरुण गोविल, अरविंद त्रिवेदी, सुनील लहरी, विजय अरोड़ा, दीपिका चिखलिया, मूलराज राजदा, रमेश भटकर और लिलिपुट जैसे स्टार इस शो में नजर आए थे। इस शो का नाम सामने आते ही इसका एक-एक एपिसोड आपकी आंखों के सामने आ जाएगा। 'विक्रम और बेताल' जी हां, यह वही शो है, जिसमें टीवी के राम ने विक्रम का रोल प्ले किया था। इस शो की कहानी राजा विक्रमादित्य और बेताल के सवालों के इर्द-गिर्द घूमती है। इस शो की सबसे खास बात यह रही कि इसे बच्चों के साथ-साथ बड़ों ने भी खूब पसंद किया था। बच्चों के लिए यह थोड़ा डरावना भी था, क्योंकि बेताल का लुक किसी भूत से कम नहीं था।

# मास्टरशेफ इंडिया में पहुंचीं पार्किंसन से जंग लड़ रही लड़की

**नई दिल्ली।** टीवी के पॉपुलर शो 'मास्टरशेफ इंडिया' के 9वें सीजन का आगाज हो चुका है। अभी शो के ऑडिशन चल रहे हैं, जिसमें एक से बढ़कर एक हुनरबाज लोगों को देखा जा रहा है। अब शो में ऐसी जोड़ी की



एंट्री हुई है, जिनके हुनर को देखकर तीनों जज खुद को एप्रन देने से नहीं रोक पाए और सेट पर मौजूद हर शख्स की आंखें नम थीं। शो में जहां सिर्फ अच्छे खाने की तलाश की जा रही है, वहीं इसी के साथ लोगों की संघर्ष की कहानी फैंस और जजों को रोने पर मजबूर कर रही है। 'मास्टरशेफ इंडिया' का नया प्रोमो सामने आया है, जिसमें एक ऐसे कंटेस्टेंट को देखा गया है जो मानसिक और शारीरिक रूप से सक्षम नहीं है, लेकिन किचन में कुकिंग करते ही, वे अपनी सारी कमजोरियों पर काबू पा लेती हैं। हम बात कर रहे हैं मनीषा की, जो 14 साल की उम्र में कोमा में चली गई थीं और हैवी डोज की दवाएं लेने की वजह से सेकेंडरी पार्किंसन से ग्रस्त हो गईं। इस बीमारी में मांसपेशियां अकड़ हो जाती हैं और शरीर अपने आप कांपने लगता है।



# भाबी जी की सवारी निकल पड़ी थिएटर की ओर...

**मुंबई।** सीरियल 'भाबी जी घर पर हैं' के फैंस के लिए खुशखबर है। अब यह सीरियल, फिल्म के रूप में बड़े आ रहा है। फिल्म 'भाबी जी घर पर हैं' का पहला पोस्टर और रिलीज डेट सामने आ चुकी है। सीरियल 'भाबी जी घर पर हैं' में आसिफ शेख, शुभांगी अत्रे, रोहताश गौर जैसे एक्टर्स नजर आते थे। यह सभी फिल्म का भी हिस्सा हैं। वहीं, फिल्म में रवि किशन, मुकेश तिवारी जैसे उम्दा कलाकार भी नजर आएंगे। फिल्म के पोस्टर में सभी एक्टर्स नजर आ रहे हैं। फिल्म 'भाबी जी घर पर हैं' की रिलीज डेट भी मेकर्स ने शेयर की है। यह फिल्म अगले महीने वैंलेटाइन डे से पहले रिलीज होगी। इस फिल्म की रिलीज डेट 6 फरवरी है। पोस्टर रिलीज के साथ मेकर्स ने कैप्शन लिखा है, 'गली गली में होगा शोर, क्योंकि भाबी जी की सवारी निकल पड़ी है थिएटर की ओर।'

# शोभिता की चीकाटिलो का पोस्टर जारी

**मुंबई।** द नाइट मैनेजर जैसी वेब सीरीज में नजर आईं अभिनेत्री शोभिता धुलिपाला अब एक नई फिल्म लेकर आ रही हैं। यह एक सस्पेंस-क्राइम थ्रिलर फिल्म है। फिल्म का नाम चीकाटिलो है। फिल्म की घोषणा के साथ ही इसका पहला पोस्टर भी जारी हुआ है,




जिसमें शोभिता इंटेंस लुक में नजर आ रही हैं। चीकाटिलो प्राइम वीडियो की ओरिजिनल तेलुगु भाषा की फिल्म है। हालांकि, यह हिंदी में भी रिलीज होगी। हैदराबाद की पृष्ठभूमि पर बनी चीकाटीलो एक रोमांचक क्राइम-सस्पेंस फिल्म है। कहानी संध्या नाम की लड़की के इर्द-गिर्द घूमती है, जो एक ट्रू-क्राइम पॉडकास्टर है। इस किरदार को शोभिता धुलिपाला ने निभाया है। अपने इंटर्न की रहस्यमयी मौत के बाद न्याय पाने की अपनी लगातार कोशिश में संध्या को खौफनाक अपराधों की एक चौंकाने वाली कड़ी का पता चलता है। जिसके बाद उसके सामने शहर के कुछ सबसे खौफनाक और काले राज सामने आते हैं। फिल्म 23 जनवरी को प्राइम वीडियो पर रिलीज होगी। शरण कोपिशेट्टी द्वारा निर्देशित चीकाटिलो को डी. सुरेश बाबू ने प्रोड्यूस किया है। फिल्म की कहानी चंद्र पेम्माराजू और शरण कोपिशेट्टी ने लिखी है। फिल्म में शोभिता धुलिपाला और विश्वदेव राचकोंडा मुख्य भूमिकाओं में हैं। इसके अलावा चैतन्य विशालक्ष्मी, ईशा चावला, झांसी, आमानी और वडलामणि श्रीनिवास भी अहम किरदारों में नजर आएंगे।

# 'द राजा साब' की रिलीज के बीच पशुपतिनाथ पहुंचे संजय



**मुंबई।** संजय दत्त इन दिनों अपनी फिल्मों 'धुरंधर' और 'द राजा साब' को लेकर सुर्खियों में हैं। ऐसे में वह पशुपतिनाथ मंदिर में दर्शन के लिए पहुंचे हैं। संजय दत्त और प्रभास की अदाकारी से सजी फिल्म 'द राजा साब' आज सिनेमाघरों में रिलीज हो चुकी है। ऐसे में संजय दत्त शुक्रवार को नेपाल की राजधानी काठमांडू में पशुपतिनाथ मंदिर पहुंचे और पूजा की। एक्टर गुरुवार शाम को एक कसीनो के उद्घाटन में शामिल होने के लिए काठमांडू पहुंचे। उनकी यात्रा से फैंस खुश हो गए। एक्टर के पशुपतिनाथ मंदिर पहुंचने के कई वीडियो और तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हैं। वीडियो में देखा जा सकता है कि एक्टर कड़ी सुरक्षा के बीच हैं। संजय दत्त की यह यात्रा ऐसे मौके पर हुई जब उनकी फिल्म 'द राजा साब' रिलीज हुई है। संजय दत्त और प्रभास स्टारर 'द राजा साब' 9 जनवरी को सिनेमाघरों में रिलीज हुई। इस फिल्म में एक्टर एक खतरनाक रोल में नजर आ रहे हैं। 'द राजा साब' के निर्देशक मारुति हैं। इसमें बोमन ईरानी, मालविका मोहनन, निधि अग्रवाल और रिद्धि कुमार भी अहम किरदारों में हैं। इससे पहले संजय दत्त आदित्य धर के निर्देशन में बनी फिल्म 'धुरंधर' में नजर आए थे। 5 दिसंबर 2025 को रिलीज हुई इस फिल्म में रणवीर सिंह, अक्षय खन्ना, आर माधवन, अर्जुन रामपाल और सारा अर्जुन थीं। यह फिल्म अब भी बॉक्स ऑफिस पर अच्छा प्रदर्शन कर रही है।

## भारत की उम्मीदें नीरज घेवान की फिल्म होमबाउंड पर टिकी हैं

# कांतारा चैप्टर 1 और तन्वी द ग्रेट भी ऑस्कर की रेस में शामिल

इस बार ऑस्कर में भारत की उम्मीदें नीरज घेवान की फिल्म 'होमबाउंड' पर टिकी हैं। होमबाउंड ऑस्कर में भारत की ओर से आधिकारिक तौर पर भेजी गई फिल्म है। फिल्म अभी भी रेस में बनी हुई है। लेकिन, अब भारत की दो और फिल्में भी ऑस्कर की दौड़ में शामिल हो गई हैं। जिसके बाद अब भारत को इन दो फिल्मों से भी उम्मीद बंध गई है। हालांकि, अभी इन फिल्मों को लेकर कुछ भी कहना जल्दबाजी होगी।

एजेंसी ▸▸| मुंबई

इस साल बॉक्स ऑफिस पर जबरदस्त कमाई करने वाली ऋषभ शेट्टी की फिल्म 'कांताराः चैप्टर 1' और अनुपम खेर के निर्देशन में बनी 'तन्वी द ग्रेट' उन 201 फीचर फिल्मों की सूची में शामिल हो गई हैं, जो 98वें अकादमी पुरस्कारों के लिए विचाराधीन हैं। वैरायटी की रिपोर्ट के अनुसार, एकेडमी ऑफ मोशन पिक्चर आर्ट्स एंड साइंस (एएमपीएएस) ने उन 201 योग्य फिल्मों की घोषणा की है, जो प्रतिष्ठित सर्वश्रेष्ठ फिल्म पुरस्कार के लिए सीधे तौर पर पात्र हैं। इस लिस्ट में 'कांतारा चैप्टर 1' और 'तन्वी द ग्रेट' भी शामिल हो गई हैं। ऐसे में अब इन दोनों फिल्मों से भी ऑस्कर में उम्मीदें जाग गई हैं।





### सभी शर्तों को दोनों फिल्मों ने किया पूरा

सर्वश्रेष्ठ फिल्म के लिए एलिजिबल फिल्मों ने सामान्य एंट्री के अलावा सभी अतिरिक्त एलिजिबलिटी आवश्यकताओं को भी पूरा किया। इसमें सिनेमाघरों में प्रदर्शन और एक कॉन्फिडेंशियल अकादमी प्रतिनिधित्व और समावेशन मानक प्रविष्टि फॉर्म जमा करना भी शामिल है। फिल्मों को अकादमी के चार इन्क्लूजन स्टैंडर्ड में से कम से कम दो को पूरा करना और 2025 में अपनी पहली रिलीज के 45 दिनों के भीतर शीर्ष 50 अमेरिकी बाजारों में से 10 में एक योग्य थिएटर प्रदर्शन पूरा करना भी आवश्यक था। सर्वश्रेष्ठ फिल्म श्रेणी में शामिल होने की सभी शर्तें पूरी करने के बाद 'कांतारा चैप्टर 1' और 'तन्वी द ग्रेट' दोनों ही ऑस्कर पुरस्कार के संभावित दावेदार बन गए हैं। अकादमी द्वारा अंतिम नामांकन सूची 22 जनवरी को जारी की जाएगी।

### 2025 की सबसे सफल फिल्मों में शामिल कांतारा चैप्टर 1

*होम्बले फिल्म्स द्वारा निर्मित 'कांताराः चैप्टर 1' ऋषभ शेट्टी द्वारा लिखित, निर्देशित और अभिनीत फिल्म है। यह 2025 की सबसे सफल फिल्मों में से एक है। दर्शकों के साथ-साथ क्रिटिक्स ने भी फिल्म को जमकर सराहा था। वहीं दूसरी ओर 'तन्वी द ग्रेट' का निर्माण, निर्देशन और लेखन अनुपम खेर ने किया है। यह फिल्म ऑटिज्म पर आधारित है, जिसमें एक ऑटिस्टिक लड़की तन्वी की कहानी को दिखाया गया है। फिल्म में अनुपम खेर के अलावा शुभांगी दत्त, अरविंद स्वामी, बोमन ईरानी, जैकी श्रॉफ और पल्लवी जोशी प्रमुख भूमिकाओं में नजर आए हैं।*

## खबर संक्षेप



हेल्थ वर्कशॉप में जवानों व अधिकारियों को संबोधित करते डॉक्टर।

### 150 कर्मचारियों ने करवाई स्वास्थ्य जांच

**रोहतक।** पुलिस अधीक्षक कार्यालय में स्थित सभागार में पुलिस अस्पताल व विशेषज्ञ चिकित्सकों के सहयोग से शुक्रवार को स्वास्थ्य जांच शिविर व वर्कशॉप का आयोजन किया गया। जहां एसपी कार्यालय मे कार्यरत जवानों व अधिकारियों के लिये हेल्थ वर्कशॉप व चेकअप का आयोजन किया गया। जांच शिविर में करीब 150 से ज्यादा पुलिस अधिकारियों व जवानों की ईसीजी, बीपी, शुगर, पीएफटी (फेफड़ों की जांच) आदि की जांच की गई। फार्मासिस्ट हरेन्द्र कटारिया व उनकी टीम के सहयोग से स्वास्थ्य जांच शिविर का सफल आयोजन हुआ है। स्वास्थ्य जांच शिविर के साथ-साथ हेल्थ वर्कशॉप का भी आयोजन किया गया। हेल्थ वर्कशॉप का मुख्य उद्देश्य है कि प्रतिदिन बढ़ रही बीमारियों की पहचान कर उनसे बचने बारे उपायो के बारे मे अवगत कराना। जवानों को हेल्थ वर्कशॉप मे बीपी, शुगर, हार्ट अटैक, ब्रेन स्ट्रोक आदि जैसी बीमारियों को पहचानने व उनके उपायो बारे अवगत कराया गया।

### बांग्लादेश में हिंदुओं की हत्याओं पर रोष

**रोहतक।** श्रीराम नगर कॉलोनी वासियों ने बांग्लादेश में हिंदुओं की हत्याओं पर श्रद्धांजलि अर्पित की और रोष व्यक्त किया। इस अवसर पर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सामाजिक कार्यकर्ता डॉ मामराज स्वामी कहा हिंसक घटनाएं न केवल मानवता के विरुद्ध अपराध हैं, बल्कि पूरे क्षेत्र की शांति और लोकतांत्रिक मूल्यों पर भी गंभीर प्रश्नचिन्ह लगाती हैं। धार्मिक पहचान के आधार पर निर्दोष नागरिकों को निशाना बनाया जाना किसी भी सभ्य समाज में अस्वीकार्य है। इन घटनाओं ने विश्वभर में रहने वाले हिंदुओं के मन में भय और आक्रोश पैदा किया है। सामाजिक कार्यकर्ता सुमित्रा दहिया और दुलारी वशिष्ठ ने कहा हम मांग करते हैं कि बांग्लादेश में हिंदुओं की जान-माल की सुरक्षा सुनिश्चित की जाए, पीड़ित परिवारों को न्याय मिले।



रोहतक। फूलों की सेवा करते भक्तजन। *फोटो: हरिभूमि*

## गुरु गोविंद सिंह के 359वें प्रकाश उत्सव पर भव्य नगर कीर्तन आज

**रोहतक।** सिखों के दसवें गुरु श्री गुरु गोविंद सिंह के 359वें प्रकाश उत्सव के उपलक्ष्य में गुरु नानक सेवा समिति एवं गुरुद्वारा भाई बहादुर सिंह, वार्ड नंबर-5 गांधी कैंप की ओर से शनिवार को शहर में एक विशाल और भव्य नगर कीर्तन का आयोजन किया जाएगा। नगर कीर्तन में खालसा पंथ के प्रसिद्ध रागी जत्थे गुरबाणी का यशोगान करेंगे, जबकि हाथी-घोड़े, स्कूली बच्चे और पंजाब का मशहूर दलेर खालसा गतका ग्रुप वीर रस के करतब दिखाकर संगत को निहाल करेगा। नगर कीर्तन के दौरान श्री गुरु ग्रंथ साहिब की पालकी की अगुवाई पंच प्यारे करेंगे। गुरुद्वारा साहिब को विशेष लाइटिंग और फूलों से सजाया गया है।

# बाबा लक्ष्मण पुरी की 31वीं पुण्यतिथि पर उमड़ा श्रद्धा का सैलाब

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

ब्रह्मलीन बाबा लक्ष्मण पुरी की 31वीं पुण्यतिथि के अवसर पर गोकर्ण तीर्थ तप, भक्ति और श्रद्धा के रंगों में सराबोर हो उठा। इस पावन मौके पर हरिद्वार, बनारस, उज्जैन, प्रयागराज सहित देश के विभिन्न प्रांतों से हजारों साधु-संतों और श्रद्धालुओं ने पहुंचकर बाबा की तपोस्थली में मत्था टेका और नमो नारायण के जयघोष से वातावरण को भक्तिमय बना दिया। वहीं रक्तदान शिविर में 101 रक्तदाताओं ने रक्तदान किया। सुबह से ही पूजा-अर्चना, भजन-कीर्तन और हवन-यज्ञ का क्रम जारी रहा। साधु-संतों ने धूने रमाए और बाबा लक्ष्मण पुरी की समाधि पर पुष्प अर्पित कर आशीर्वाद प्राप्त किया। हवन की सुगंध और पुष्प वर्षा से पूरे परिसर में आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार होता रहा। कार्यक्रम की अगुवाई गोकर्ण पीठाधीश्वर एवं जूना अखाड़ा के उपाचार्य स्वामी कपिल पुरी महाराज ने की। उन्होंने कहा कि बाबा लक्ष्मण पुरी के आदर्श आज भी साधना, सेवा और समाज कल्याण का मार्ग दिखाते हैं। साध्वी पूर्णिमा जी के भजनों ने श्रद्धालुओं को भाव-विभोर कर दिया। धार्मिक आयोजन के साथ रक्तदान, स्वास्थ्य जांच, वस्त्र वितरण और लंगर सेवा का भी आयोजन किया गया। रोशनी से सजे गोकर्ण तीर्थ ने श्रद्धा और सेवा का अनुपम संदेश दिया। इस दौरान महामंडलेश्वर विश्वेश्वरानंद महाराज, महामंडलेश्वर परमानंद महाराज, साध्वी मानेश्वरी देवी, पूर्व मंत्री मनीश ग्रोवर, महेश पुरी, बाबा कालीदास महाराज,अशोक कक्कड़, राजेंद्र बंसल, राजकुमार कपूर, सतीश, अशोक गुलाटी, गुलशन निझावन व राजकुमार मोर समेत अन्य लोग उपस्थित रहे।



रोहतक। आयोजित शिविर में रक्तदाताओं को सम्मानित करते उपाचार्य स्वामी कपिल पुरी महाराज,परमानंद महाराज,विश्वेश्वरानंद महाराज ,साध्वी मानेश्वरी देवी व पूर्व मंत्री मनीश ग्रोवर। *फोटो: हरिभूमि*



रोहतक। गोकर्ण तीर्थ में आयोजित कार्यक्रम में प्रसाद गहण करते साधु-संत।

## महर्षि दयानंद विवि के आईएचटीएम का नवाचारी मॉडल विकसित

# हॉस्पिटैलिटी और पर्यटन युवाओं के लिए करियर का सशक्त माध्यम

- *उद्योग से जुड़ी अप्रेंटिसशिप आधारित डिग्री कोर्स संचालित*
- *विद्यार्थियों को तरह-तरह के अनुभव देकर किया जा रहा आत्मनिर्भर*

संस्थान में अस्पताल खाद्य सेवाएं एवं आहार विज्ञान, खेल पोषण जैसे रोजगार उन्मुख प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम भी संचालित किए जा रहे हैं, जिनका उद्देश्य विद्यार्थियों की कौशल क्षमता को उद्योग की आवश्यकताओं के अनुरूप विकसित करना है।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

हॉस्पिटैलिटी और पर्यटन क्षेत्र में कौशल, उद्यमिता और रोजगारपरक शिक्षा को नई दिशा देते हुए महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के होटल एवं पर्यटन प्रबंधन संस्थान (आईएचटीएम) ने बीते वर्षों में अपनी एक विशिष्ट पहचान स्थापित की है। यह संस्थान विद्यार्थियों को केवल डिग्री प्रदान करने तक सीमित नहीं है, बल्कि उन्हें व्यावहारिक प्रशिक्षण, अप्रेंटिसशिप और नवाचार आधारित उद्यमिता का प्रत्यक्ष अनुभव देकर आत्मनिर्भर बना रहा है।

आईएचटीएम के निदेशक प्रो. आशीष दहिया ने बताया कि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. राजबीर सिंह के मार्गदर्शन में संस्थान ने समय की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए अनेक नई पहल आरंभ की हैं। इनमें दक्षिण एशिया का पहला खाद्य वाहन संचालन प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम, उद्योग से जुड़ी अप्रेंटिसशिप आधारित डिग्री योजनाएँ तथा भारतीय पारंपरिक व्यंजनों पर आधारित मूल्य संवर्धन पाठ्यक्रम प्रमुख हैं, जिन्हें भारतीय होटल प्रबंधन संस्थान, पूसा एवं पर्यटन मंत्रालय, भारत सरकार के सहयोग से संचालित किया जा रहा है। संस्थान की विकास यात्रा का उल्लेख करते हुए प्रो. दहिया ने बताया कि आईएचटीएम की स्थापना वर्ष 2005 में दो स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों के साथ हुई थी और 20 फरवरी 2007 को इसे औपचारिक संस्थान का दर्जा प्राप्त हुआ।



रोहतक। कार्यक्रम में आईएचटीएम के निदेशक प्रो. आशीष दहिया व प्रो. संदीप मलिक का स्वागत करते प्रोफेसर। *फोटो: हरिभूमि*

### सामूहिक प्रयास का परिणाम

प्रो. आशीष दहिया ने कहा कि आईएचटीएम की निरंतर प्रगति विश्वविद्यालय के सशक्त शैक्षणिक वातावरण, नवाचार समर्थक व्यवस्था, समर्पित शिक्षकों और कर्मठ विद्यार्थियों के सामूहिक प्रयास का परिणाम है। यह संस्थान आज हॉस्पिटैलिटी और पर्यटन को युवाओं के लिए एक सशक्त और वैश्विक करियर मार्ग के रूप में स्थापित कर रहा है।

### मिल रहे रोजगार के अवसर

दहिया ने बताया कि अप्रेंटिसशिप आधारित डिग्री कार्यक्रमों के अंतर्गत होटल एवं सेवा प्रबंधन तथा पर्यटन एवं यात्रा प्रबंधन में स्नातक पाठ्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं, जिनके माध्यम से विद्यार्थी पढ़ाई के साथ-साथ कार्य अनुभव भी प्राप्त कर रहे हैं। इस पहल से विद्यार्थियों को सीखते हुए आजीविका अर्जित करने का अवसर मिल रहा है। होटल एवं सेवा प्रबंधन पाठ्यक्रम के लिए आईटीसी क्लासिक गोल्फ एवं कंट्री क्लब के साथ सहयोग तथा अप्रेंटिसशिप प्रशिक्षण बोर्ड के साथ किया गया समझौता इस मॉडल को देशभर में विशिष्ट बनाता है।

### सशक्त नवाचार पारिस्थितिकी तंत्र किया विकसित

प्रो. संदीप मलिक ने बताया कि विश्वविद्यालय के नवाचार, इनक्यूबेशन एवं उद्यमिता केंद्र के सहयोग से आईएचटीएम ने एक सशक्त नवाचार पारिस्थितिकी तंत्र विकसित किया है, जिसे राष्ट्रीय स्तर पर पहचान मिल रही है। विश्वविद्यालय में विकसित हुआ खाद्य स्टार्टअप 'डैफेटेरिया' राष्ट्रपति भवन तक अपनी उपस्थिति दर्ज करा चुका है, जबकि 'मोयोस' ब्रांड हिमीकृत मिठाइयों के क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ रहा है। इसके साथ ही संस्थान द्वारा अस्पताल खाद्य सेवाएँ एवं आहार विज्ञान, खेल पोषण जैसे रोजगार उन्मुख प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम भी संचालित किए जा रहे हैं, जिनका उद्देश्य विद्यार्थियों की कौशल क्षमता को उद्योग की आवश्यकताओं के अनुरूप विकसित करना है।
डॉ. संजीव ने बताया कि आईएचटीएम के पूर्व विद्यार्थी देश और विदेश में शिक्षा, शोध और उद्योग जगत में उल्लेखनीय योगदान दे रहे हैं। अनेक पूर्व छात्र जामिया मिल्लिया इस्लामिया, दिल्ली विश्वविद्यालय, विभिन्न केंद्रीय विश्वविद्यालयों तथा होटल प्रबंधन संस्थानों में शिक्षण, शोध और प्रशासनिक दायित्व निभा रहे हैं, जबकि कई पूर्व विद्यार्थी आईटीसी, ताज, ओबेरॉय, हयात और भारतीय पर्यटन विकास निगम जैसे प्रतिष्ठित संस्थानों में उच्च पदों पर कार्यरत हैं।

# तनिष्क का नया चेहरा बनीं अनन्या पांडे

- सिरसा में 'फेस्टिवल ऑफ डायमंड्स' की शुरुआत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा



भारत का सबसे भरोसेमंद ज्वेलरी ब्रांड और टाटा समूह का हिस्सा तनिष्क ने बॉलीवुड अभिनेत्री अनन्या पांडे को अपना नया ब्रांड चेहरा बनाते हुए अपने बहुप्रतीक्षित 'फेस्टिवल ऑफ डायमंड्स' की शानदार शुरुआत की है। इसका आयोजन तनिष्क सिरसा शोरूम में पूरे उत्साह और भव्यता के साथ किया जा रहा है। तनिष्क का यह कदम आधुनिकता, आत्मविश्वास और आज की महिलाओं की बदलती पसंद को दर्शाता है। अनन्या पांडे के साथ यह साझेदारी तनिष्क के उस विज़न को और मजबूत करती है, जिसमें हीरों को सिर्फ खास मौकों तक सीमित न रखकर रोज़मर्रा की ज़िंदगी का हिस्सा बनाया गया है। इस अवसर पर तनिष्क सिरसा स्टोर मैनेजर ने जानकारी देते हुए बताया कि 'फेस्टिवल ऑफ डायमंड्स' तनिष्क का साल का सबसे बड़ा और सबसे खास डायमंड फेस्टिवल है। उन्होंने बताया कि इस फेस्टिवल में 10,000 से अधिक डायमंड डिज़ाइन्स पेश किए गए हैं, जो रोज पहनने से लेकर खास अवसरों तक हर जरूरत को ध्यान में रखकर तैयार किए गए हैं।

मार्केट न्यूज

## राज मोटर्स में टाटा हैरियर, सफारी पेट्रोल व सिएरा का भव्य शुभारंभ



**रोहतक।** टाटा मोटर्स के अधिकृत कार डीलर राज मोटर्स के रोहतक स्थित शोरूम में शुक्रवार को टाटा हैरियर पेट्रोल, टाटा सफारी पेट्रोल एवं टाटा सिएरा का भव्य शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर राधा स्वामी सत्संग दिनोद के संत हुजूर कंवर साहब महाराज ने विधिवत रूप से वाहनों का अनावरण किया और राज मोटर्स के मालिक अशोक दलाल को आशीर्वाद प्रदान किया। हुजूर कंवर साहब ने राज मोटर्स की निरंतर उन्नति और सफलता की कामना करते हुए टाटा मोटर्स को गुणवत्ता, मजबूती और विश्वसनीयता का प्रतीक बताया। कार्यक्रम के दौरान टाटा मोटर्स की प्रीमियम एसयूवी टाटा हैरियर पेट्रोल के आकर्षक डिजाइन, दमदार इंजन और आधुनिक तकनीकी फीचर्स की जानकारी दी गई। कंपनी की ओर से टाटा हैरियर पेट्रोल की शुरुआती कीमत 12.89 लाख रुपए तथा टाटा सफारी पेट्रोल की शुरुआती कीमत 13.29 लाख रुपए बताई गई। लॉन्च की गई गाड़ियों में पावरफुल पेट्रोल इंजन, प्रीमियम इंटीरियर, एडवांस सेफ्टी फीचर्स और बड़ा टचस्क्रीन इंफोटेनमेंट सिस्टम शामिल है। कार्यक्रम में राज मोटर्स का स्टाफ, बैंक अधिकारी और शहर की कई प्रमुख हस्तियां मौजूद रहीं। लोगों में नई गाड़ियों को लेकर खासा उत्साह देखा गया।



## प्रो. धीरज शर्मा 46वें विश्व प्रबंधन कांग्रेस में 'उत्कृष्ट शासन नेतृत्व पुरस्कार' से सम्मानित

**रोहतक।** भारतीय प्रबंधन संस्थान (आईआईएम) के निदेशक प्रो. धीरज शर्मा को वर्ल्ड मैनेजमेंट कांग्रेस की पुरस्कार एवं प्रशंसा समिति द्वारा 'उत्कृष्ट शासन नेतृत्व पुरस्कार' से सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें नई दिल्ली स्थित इंडिया इंटरनेशनल सेंटर में आयोजित 46वें विश्व प्रबंधन कांग्रेस के दौरान एक गरिमामय समारोह में प्रदान किया गया। पुरस्कार समारोह में राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर के विशिष्ट अतिथियों की गरिमामयी उपस्थिति रही, जो कांग्रेस की वैश्विक प्रतिष्ठा और विश्वसनीयता को दर्शाती है। प्रमुख रूप से उपस्थित गणमान्य व्यक्तियों में अर्जेंटीना के राजदूत मारियानो काउचिनो, अंतर-धार्मिक संवाद के वैश्विक विशेषज्ञ एवं कार्मेलाइट्स ऑफ मैरी इमैक्युलेट से जुड़े फादर रोबी कन्ननचिरा, मोंटेनेग्रो की मानद कौंसुल जनरल डॉ. जैनिस दरबारी आदि की उपस्थिति रही।

# चौधरी छोटूराम ने शिक्षा से समाज को जगाया: दिमाना

- जाट शिक्षण संस्था में चौधरी छोटूराम जी के 81 वें स्मृति दिवस पर हवन यज्ञ का किया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

जाट शिक्षण संस्था में रहबर-ए-आजम, दीनबंधु सर चौधरी छोटूराम के 81 वें स्मृति दिवस पर हवन यज्ञ का आयोजन कर छोटू राम को श्रद्धा एवं सम्मान के साथ याद किया। जाट स्कूल में छोटू राम के समाधि स्थल पर आयोजित कार्यक्रम में संस्था के पदाधिकारियों, शिक्षाविदों, कर्मचारियों, विद्यार्थियों एवं कई गणमान्य लोगों ने समाज कल्याण के लिए हवन यज्ञ में आहुति दी। जाट शिक्षण संस्था के प्रधान गुलाब सिंह दिमाना ने कहा कि चौधरी छोटूराम ने शिक्षा को समाज के जागरण का सबसे सशक्त माध्यम बनाया। चौधरी छोटूराम, दानवीर सेठ छाजू राम, मास्टर बलदेव सिंह, चौधरी मातुराम, चौधरी भानीराम सहित अनेक महापुरुषों और बुजुर्गों के संघर्षों और विकासात्मक सोच के कारण ही आज समाज शिक्षित होकर स्वतंत्र एवं सम्मानजनक जीवन रहा है। प्रधान गुलाब सिंह दिमाना ने यह भी कहा कि चौधरी छोटू राम एक बहुत बड़ी सोच थे, जिन्होंने जाट शिक्षण संस्था को खड़ा करने में सबसे मजबूत योगदान दिया। जिनके आशीर्वाद से आज यह संस्था समाज को शिक्षित करते हुए देश की मजबूती में बहुत बड़ा योगदान दे रही हैं। उन्होंने कहा कि आज संस्था समाज के लोगों के विश्वास को पूरा करते हुए मजबूती और ईमानदारी से आगे बढ़ रही हैं।



रोहतक। कार्यक्रम को सम्बोधित करते गुलाब सिंह दिमाना। *फोटो: हरिभूमि*

### शिक्षक दो दिन लेंगे प्रशिक्षण

**सांपला।** खरावड़ गांव के राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय खरावड़ के प्रांगण में शुक्रवार से खंड शिक्षा अधिकारी सुमन हुड्डा की अध्यक्षता में सभी प्राथमिक अध्यापकों का दो दिवसीय प्रशिक्षण दिया जाएगा।

### सूचना

मैं, वेद प्रकाश पुत्र स्व. सिहेड़े राम निवासी गांव सुनारियां कलां, जिला रोहतक बयान करता हूं कि मेरा पुत्र मंगल सिंह मेरे कहने-सुनने से बाहर है। इसलिये मैं इसको अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। इससे लेन-देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

## जॉन वेस्ले कॉन्वेंट में एनएसएस शिविर संपन्न

# टूरिज्म 365 दिन चलने वाला व्यवसाय करियर की अपार संभावनाएं: डॉ. अनूप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

गोहाना रोड स्थित जॉन वेस्ले कॉन्वेंट में 6 जनवरी से प्रारंभ हुए एनएसएस (राष्ट्रीय सेवा योजना) शिविर के चौथे दिन विद्यार्थियों के लिए विविध शैक्षणिक एवं व्यक्तित्व व कैरियर विकास से जुड़ी गतिविधियों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत प्रातः योग सत्र से हुई, जिसमें सूर्य नमस्कार, चक्रासन, ताड़ासन और सूरज नमस्कार आदि गतिविधियां करवाई गईं जिसका संचालन कृष्णा गिल द्वारा किया गया। योग सत्र में विद्यार्थियों को स्वस्थ जीवनशैली, एकाग्रता एवं मानसिक शांति का महत्व समझाया गया।

इसके पश्चात विद्यार्थियों द्वारा सांस्कृतिक गतिविधियां प्रस्तुत की गईं, जिनमें नृत्य, गीत एवं लघु प्रस्तुतियां शामिल रहीं। इन गतिविधियों ने छात्रों की रचनात्मकता और आत्मविश्वास को बढ़ावा दिया। शिविर के अंतर्गत तीसरे दिन की मेडिटेशन गतिविधि का भी पुनः स्मरण किया गया, जो रामकुमार दहिया के निर्देशन में सफलता पूर्वक पूर्ण हुई। उन्होंने ध्यान के माध्यम से तनाव मुक्त जीवन और सकारात्मक सोच के महत्व पर प्रकाश डाला।



### रोजगार के महत्पूर्ण पहलू बताए

फैकल्टी सदस्य डॉ. अनूप ने विद्यार्थियों को बताया कि टूरिज्म 365 दिन चलने वाला व्यवसाय है, जिसमें (अकैडमिक क्षेत्र और इंडस्ट्री) दोनों में कैरियर की व्यापक संभावनाएं हैं। डॉ संजीव ने होटल, हॉस्पिटल और अन्य सेवा क्षेत्र में गेस्ट सर्विसेज, कम्युनिकेशंस व इंटरएक्शन आधारित भूमिकाओं की बढ़ती मांग पर भी प्रकाश डाला। डॉ शिल्पी ने बताया कि पिछले एक दशक में दिल्ली से लेकर हाइवे कॉरिडोर तक बैंकेट्स, ढाबों और फूड आउटलेट्स की संख्या में वृद्धि हुई है।



रोहतक। लघु सचिवालय में हरियाणा समाधान प्रकोष्ठ द्वारा वर्चुअल माध्यम से समाधान शिविरों की शिकायतों की समीक्षा बैठक लेते उपायुक्त सचिन गुप्ता।

## शिकायतों का अनिवार्य रूप से निपटारा सुनिश्चित किया जाए : उपायुक्त

**रोहतक।** उपायुक्त सचिन गुप्ता ने जिले के सभी विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि समाधान शिविर, जनसंवाद, सीएम विंडो, सीपीग्राम तथा एसएमजीटी पोर्टलों पर लंबित एवं री-ओपन हुई सभी शिकायतों का अनिवार्य रूप से निपटारा सुनिश्चित किया जाए। इसके पश्चात भी यदि कोई शिकायत लंबित रहती है, तो संबंधित विभागों के साथ शनिवार को अलग से समीक्षा बैठक आयोजित की जाएगी। शिकायतों के निपटारे में किसी भी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। डीसी लघु सचिवालय में हरियाणा समाधान प्रकोष्ठ द्वारा वर्चुअल माध्यम से समाधान शिविरों की शिकायतों की समीक्षा के उपरांत अधिकारियों को दिशा-निर्देश दे रहे थे। उन्होंने समाधान प्रकोष्ठ के अधिकारियों को अवगत कराया कि जिला प्रशासन द्वारा संबंधित शिकायत के संदर्भ में कार्रवाई करते हुए अस्थायी अवैध कब्जा करने वाले नागरिक के विरुद्ध एफआईआर दर्ज करवा दी गई है। उन्होंने कहा कि समाधान शिविरों में प्राप्त शिकायतों की नियमित अंतराल पर समीक्षा की जा रही है, ताकि समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निपटारा सुनिश्चित हो। डीसी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे समाधान शिविरों के साथ-साथ जनसंवाद, सीएम विंडो, सीपीग्राम तथा एसएमजीटी पोर्टलों को नियमित रूप से जांचें और प्राप्त होने वाली शिकायतों का यथाशीघ्र, तथ्यपरक एवं संतोषजनक समाधान करें।



महम। भागवत कथा के समापन अवसर पर साधु संतों को दक्षिणा देते कथा के आयोजक। *फोटो: हरिभूमि*

## श्री बांके बिहारी मंदिर में साप्ताहिक भागवत कथा संपन्न, अंतिम दिन सुनाया सुदामा चरित्र प्रसंग

**महम।** कस्बा महम के श्री बांके बिहारी मंदिर में एक सप्ताह तक भागवत कथा का आयोजन किया गया। कथा का आयोजन श्री बांके बिहारी मंदिर महम की साध्वी सत्यानंद ने करवाया। कथा वाचन वृंदावन के श्री धाम से पधारे श्री हित हरी शरण ने किया। कथा दो जनवरी से शुरू हुई थी। वीरवार को कथा का समापन किया गया। अंतिम दिन श्रद्धालुओं ने सुदामा चरित्र और परीक्षित मोक्ष प्रसंग सुने। भागवत कथा के समापन अवसर पर श्री धाम बरसाना से मन प्रकाश दास, भिवानी के स्वर्ग आश्रम धाम से स्वामी युगल किशोर, मध्यप्रदेश की राजधानी भोपाल के गौ गोपाल परमार्थ सेवा संस्थान से आचार्य रवि कृष्ण शास्त्री, आचार्य शिवम शास्त्री, धार्मिक भजन गायक हरीश तागरा, दीपक न्यूज एजेंसी महम के संचालक नरेंद्र रल्हन, निखिल रल्हन व श्री बांके बिहारी मंदिर के अनेक श्रद्धालु मौजूद थे।



जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी चहल बोले, 142 पंचायतों में शेल्टर के लिए जगह चिन्हित की

# स्ट्रे डॉग से बचाने में नोडल अफसर करेंगे मदद, अभी तक 2426 की हुई नसबंदी

अमरजीत एस गिल ▶▶| रोहतक

आप स्ट्रे डॉग से परेशान हैं तो इसके लिए अपनी पंचायत के नोडल अफसर से मदद मांग सकते हैं। सभी 142 पंचायतों में जिला प्रशासन ने नोडल अधिकारी नियुक्त कर दिए हैं। अफसर कैसे लोगों की मदद करेंगे,इसके लिए प्रशासन द्वारा जल्द ही निर्देश जारी कर दिए जाएंगे। इतना नहीं है सभी पंचायतों में कुत्तों के लिए शेल्टर भी बना दिए गए हैं। ताकि यहां पागल और अति आक्रमक कुत्तों को रखा जा सके। नसबंदी और टीकाकरण भी इन शेल्टर में ही किया जाएगा। अभी तक 2426 की नसबंदी की जा चुकी है। गांव का हेल्प लाइन नंबर 8708581493 है। शहर में नगर निगम नोडल विभाग है। निगम एरिया के लोग फोन नंबर 180018050007 और 8221027026 पर सहायता मांग सकते हैं। अगर किसी शेल्टर में 100 कुत्तों को रखना है तो उसके लिए शेल्टर साइज 70 फीट गुणा 40,500 के लिए 157 गुणा और 1000 के लिए 221 फीट गुणा में 127 फीट होना चाहिए। कोई भी व्यक्ति कुत्ते को सार्वजनिक स्थान पर खाना नहीं खिला सकता है। अवेहलना व्यक्ति पर जुर्माना होगा। प्रशासन उन्हें स्थानों को चिन्हित कर रहा है, जहां लोग कुत्तों को खाना देते हैं। खिलाते हैं। ध्यान ये भी रहे कि जिन घरों में पालतू कुत्ते हैं, उनके मालिकों को टीकाकरण और नसबंदी का प्रमाण पत्र देना होगा। 4 वर्ष की आयु के बाद उसकी नसबंदी भी मालिक ने करवानी होगी।

■ नगर निगम सुप्रीम कोर्ट के आदेशों की पालना पर कर रहा है कार्य


रोहतक। रोड़ पर बैठे अवारा कुत्ते, लोगों में बना रहता है डर।

### प्रशासन इन्हें शेल्टर में रखे


पागल और अत्याधिक आक्रमक को तो किसी भी सूरत में खुले में रहने नहीं देना चाहिए। प्रशासन इन्हें हमेशा-हमेशा के लिए शेल्टर में रखने के इंतजाम करे। मनुष्य को पागल और अत्याधिक आक्रमक से ज्यादा खतरा होता है।
**-गौरव डाबड़ा, प्रताप चौक**

### नोडल अधिकारी नियुक्त किए


सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर जिले की भी 142 पंचायत में शेल्टर बनाकर नोडल अधिकारी नियुक्त कर दिए गए हैं। गांव के एरिया से 2426 कुत्तों की नसबंदी और टीकाकरण भी करा दिया गया है। कुत्तों से नागरिकों की सुरक्षा प्रशासन का जिम्मा है। **-राजपाल चहल, जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी**


### नसबंदी का निर्णय सही


कुत्तों को पकड़कर उनकी नसबंदी करने का निर्णय बिल्कुल सही है। इससे इनकी संख्या पर नियंत्रण हो जाएगा। रात में कोई गली मोहल्ला ऐसा नहीं है, जहां से अकेला आदमी कुत्तों से सामना किए बिना अपने घर पहुंच जाए।
**-शिवेन छाबड़ा, बड़ा बाजार**

### सड़क आवारा पशुओं से भरी


कुत्तों का समाधान नसबंदी में है। इस समय सरकार इन्हें लेकर काफी संजीदगी दिखा रही है। कहीं ऐसा न हो कि जैसे आवारा पशुओं को सड़कों से हटाने को लेकर हुआ था। सड़क रात में आज भी आवारा पशुओं से भरी रहती हैं।
**-सन्नी मिनोचा, आर्यनगर**

### अमानवीय व्यवहार न हो


मेरा प्रशासन ने अनुरोध है कि जब कुत्तों को नसबंदी के लिए पकड़ जाए तो उनके साथ अमानवीय व्यवहार न हो। क्योंकि वे भी हमारी तरह ही प्रकृति का हिस्सा हैं। जिस क्षेत्र से कुत्तों को पकड़ा जाए, नसबंदी करके उसी जगह छोड़ा जाए।
**-भव्य बतरा, डीएलएफ कॉलोनी**

**सार्वजनिक स्थानों से कुत्ते हटाए जाएं**

सुप्रीम कोर्ट चाहता है कि स्कूल,कॉलेज, रेलवे स्टेशन, बस स्टेंड समेत अन्य सार्वजनिक स्थानों से कुत्ते हटाए जाएं। इन स्थानों पर ही कुत्ते आदमियों पर हमला करते हैं। न्यायालय ने भी कहा कि अगर किसी मजबूरी में कुत्ते सार्वजनिक से नहीं हटाए जा सकते हैं, वहां कम से कम ऐसी बाड़बंदी जाए कि कुत्ते प्रवेश न कर पाएं।

## शिक्षा भारती विद्यालय में वार्षिक उत्सव कल मनाया जाएगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

शिक्षा भारती विद्यालय रामनगर में एक बैठक आयोजन किया गया।


अनुराग जैन।

विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष अनुराग जैन, प्रबंधक महेश वधवा, कोषाध्यक्ष महेंद्र गुलाटी ने 11 जनवरी को विद्यालय में हो रहे वार्षिकोत्सव की तैयारियों को लेकर विद्यालय प्राचार्या ममता भोला और डॉक्टर संजय सोनी के साथ चर्चा की। प्रबंध समिति के अध्यक्ष अनुराग जैन ने बताया कि 11 जनवरी को विद्यालय में वार्षिक उत्सव का भव्य आयोजन किया जाएगा जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में हरियाणा विधानसभा के स्पीकर हरविंदर कल्याण, विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व मंत्री मनीष कुमार ग्रोवर, उस्थित रहेंगे।

### पुरस्कार भी दिए जाएंगे

अनुराग जैन ने बताया कि यह सारा आयोजन शिक्षा भारती एजुकेशन सोसाइटी के अध्यक्ष डॉक्टर एसएनमिश्रा की अध्यक्षता में होगा, जिसमें हिंदू शिक्षा समिति कुरुक्षेत्र अध्यक्ष डॉक्टर ऋषि राज वशिष्ठ, मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहेंगे। उन्होंने यह भी बताया कि इस अवसर पर बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को 11 लैपटॉप और अन्य आकर्षक पुरस्कार वितरित किए जाएंगे। विद्यालय प्राचार्य ममता भोला ने बताया कि विद्यालय के वार्षिक उत्सव के शुभ अवसर पर उच्च पदों पर आसीन विद्यालय के पूर्व छात्र नितिन किनरा, मनीष बंसल तथा पूनम विग सहित शहर के गणमान्य प्रबुद्धजन उपस्थित रहकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाएंगे।

## द आर्यन ग्लोबल स्कूल के छात्र जतिन ने बैंडी आइस हॉकी प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया



**रोहतक।** द आर्यन ग्लोबल स्कूल के छात्र जतिन ने हाल ही में देहरादून आयोजित अंतर्राष्ट्रीय स्तर की छठी बैंडी आइस हॉकी प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय एवं क्षेत्र का नाम रोशन किया है। प्रतियोगिता में विभिन्न राज्यों से आए प्रतिभागियों ने भाग लिया। कड़ी प्रतिस्पर्धा के बीच जतिन ने अपनी मेहनत, संतुलन और तकनीकी कौशल के दम पर निर्णायकों को प्रभावित किया और विजेता बनने का गौरव हासिल किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य आर के खन्ना ने जतिन को इस उपलब्धि पर बधाई दी और कहा कि यह सफलता नियमित अभ्यास, अनुशासन और दृढ़ संकल्प का परिणाम है। खेल प्रशिक्षिका ज्योति शर्मा ने भी जतिन की मेहनत की सराहना की।

## खबर संक्षेप

### भाजपा कार्यकर्ताओं ने किया प्रदर्शनी का अवलोकन

**महम।** बीजेपी द्वारा पूर्व प्रधान मंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के जन्मशती वर्ष के मौके पर महम के खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी कार्यालय परिसर में में प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इस प्रदर्शनी में भाजपा कार्यकर्ताओं ने अटल बिहारी वाजपेयी के जीवन से जुड़े चित्रों और विभिन्न घटनाओं की तस्वीरों का अवलोकन किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं को वाजपेयी के जीवन से जुड़े कई संस्मरण और उनकी जीवनी को पढ़ने और समझने का मौका मिला।

### वेस्ट दिल्ली ने गोयल क्लब को 22 रन से हराया

**रोहतक।** बुधराम राजपूत स्मृति सोसाइटी द्वारा आयोजित चौथी मास्टर पूर्णमल स्मृति अंडर-19 क्रिकेट लीग 2026 के अंतर्गत महाराजा अग्रसेन क्रिकेट स्टेडियम में खेले गए मुकाबले में वेस्ट दिल्ली क्रिकेट अकादमी ने गोयल क्रिकेट क्लब रोहतक को 22 रनों से पराजित किया।

### जाट आरक्षण में दंगा भड़काने के 7 आरोपी बरी

**रोहतक।** जाट आरक्षण आंदोलन में हिसार बाईपास पर रास्ता रोकने और दंगा भड़काने के मामले में मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी मोहम्मद सागीर की अदालत ने फैसला सुनाया है। जानकारी देते हुए एडवोकेट रजनीश मलिक ने बताया कि राज्य बनाम सुनील व अन्य मामले में अदालत ने आरोपियों को बरी कर दिया गया है।


रोहतक। ठंड से बचने के लिए अलाव जलाते हुए।

## सुबह बूंदाबांदी के बाद ठंड का असर और गहराया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

शहर में शुक्रवार को मौसम ने अचानक करवट ली, बूंदाबादी के बाद भी ठिठुरन कम रही। मौसम विभाग के अनुसार शुक्रवार को शहर का न्यूनतम तापमान 6 डिग्री सेल्सियस जबकि अधिकतम तापमान 14 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। ठंडी हवाओं और बादलों की मौजूदगी के चलते दिनभर धूप नहीं निकल सकी, जिससे सर्दी का असर और गहरा गया।

सुबह-सुबह बूंदाबांदी होने से सड़कों और खुले स्थानों पर नमी बनी रही। इससे ठंड का अहसास सामान्य दिनों की तुलना में कहीं अधिक रहा। लोग गर्म कपड़ों में पूरी तरह लिपटे नजर आए। खासकर बुजुर्गों, बच्चों और बीमार लोगों को ठंड से सबसे ज्यादा परेशानी हुई। कई लोगों ने जरूरी काम होने पर ही घर से बाहर निकलना उचित समझा। ठंड बढ़ने का सीधा असर जनजीवन पर दिखाई दिया। सुबह के समय स्कूल जाने वाले बच्चों और दफ्तर जाने वाले कर्मचारियों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। सर्द हवाओं के चलते सड़कों पर आम दिनों की अपेक्षा कम भीड़ नजर आई। चाय, कॉफी और गर्म पकवानों की दुकानों पर लोगों की भीड़ बढ़ी रही, वहीं अलाव जलाकर लोग ठंड से राहत पाने की कोशिश करते दिखे।

### शीतलहर से कामकाज रहा प्रभावित

शीत लहर का असर कामकाज पर भी पड़ा है। खुले में काम करने वाले मजदूरों को ज्यादा कठिनाई झेलनी पड़ रही है। ठंड के कारण सुबह के समय कार्य शुरू होने में देरी हो रही है। ग्रामीण इलाकों में भी हालात कुछ ऐसे ही बने हुए हैं, जहां खेतों में काम करने वाले किसान ठंड से बचाव के उपाय कर रहे हैं। वहीं लोग घरों में पालने वाले पशुओं के लिए अलग से व्यवस्था किए हुए है। ताकि उन्हें भी ठंड से बचाया जा सकें।

### स्वास्थ्य पर भी दिख रहा प्रभाव

डॉक्टरों के अनुसार बढ़ती ठंड के कारण सर्दी, खांसी, बुखार और सांस संबंधी बीमारियों के मरीजों की संख्या में इजाफा हो रहा है। विशेषज्ञों ने लोगों को सलाह दी है कि वे गर्म कपड़े पहनें, ठंडी हवा से बचें और गर्म तरल पदार्थों का सेवन करें। बच्चों और बुजुर्गों को विशेष सावधानी बरतने की जरूरत बताई गई है। मौसम विभाग ने आने वाले दिनों में भी ठंड का असर बने रहने की संभावना जताई है।

वीबी-जी राम जी योजना पर भाजपा और कांग्रेस सांसदों में चले जुबानी 'तीर'

## कांग्रेस शासनकाल में मनरेगा भ्रष्टाचार और धन की लूट का माध्यम बनी : सुभाष बराला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

भाजपा के नेता एवं राज्यसभा सांसद सुभाष बराला ने कहा है कि वीबी-जी राम जी योजना मोदी सरकार की एक क्रांतिकारी योजना है। पीएम मोदी का लक्ष्य है जब देश की आजादी के 100 वर्ष पूरे हों तब तक हमारा देश विकसित राष्ट्र के रूप में उभरकर सामने आए। जीरामजी योजना का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र में रहने वाले मजदूर, किसानों को देश की मुख्यधारा में लाना है, ताकि सभी लोगों को भारत के विकसित राष्ट्र बनाने में पूरा योगदान हो। उन्होंने कांग्रेस को घेरा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस किसी योजना का नाम बदले तो सही है, अगर भाजपा नाम बदलती है तो गलत है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी सिर्फ और सिर्फ लोगों को भ्रम में डालती और गुमराह करती है। वे शुक्रवार को रोहतक स्थित भाजपा कार्यालय मंगलकमल में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। सुभाष बराला ने कहा कि जीरामजी योजना गरीब, मजदूर और किसान को मजबूत करने वाली योजना है। भाजपा सरकार चाहती है कि हर व्यक्ति के पास रोजगार उपलब्ध होना चाहिए। कांग्रेस पर निशाना साधते हुए सुभाष बराला ने कहा कि कांग्रेस ने पहले जवाहर रोजगार योजना फिर नरेगा और उसके बाद मनरेगा रखा। कांग्रेस के लोग केवल इंदिरा गांधी, राजीव गांधी, सोनिया गांधी के नाम पर योजनाओं के नाम रख रही है। कांग्रेस सिर्फ महात्मा गांधी के नाम का उपयोग कर रही है।




### महात्मा गांधी की ठेकेदारी लेने का कांग्रेस को हक नहीं

सुभाष बराला ने कहा कि महात्मा गांधी की ठेकेदारी लेने का कांग्रेस पार्टी को कोई अधिकार नहीं है। महात्मा गांधी पूरे देश के हैं। एक सवाल पर उन्होंने कहा कि मनरेगा के तहत कांग्रेस पार्टी ने मनमोहन सरकार में 10 सालों के अंदर लगभग 3.25 लाख करोड़ रुपये खर्च किए जबकि भाजपा सरकार ने 10 वर्षों में इस योजना पर ढाई गुणा रुपये खर्च किए। सांसद ने कहा कि हमारी नीयत साफ है और हमारा लक्ष्य रोजगार देना है।

### कांग्रेस ने केवल गांधी नाम चुराया

सुभाष बराला ने कांग्रेस को घेरते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी ने तो 600 से अधिक संस्थाओं के नाम केवल गांधी के नाम पर रखने का काम किया। उन्होंने कहा कि देश को आजादी दिलाने में सुभाष चंद्र बोस का भी योगदान था। सरदार पटेल ने 562 रियासतों का एकीकरण करने का महत्वपूर्ण काम किया, लेकिन कांग्रेस ने इनके नाम पर कोई योजना नहीं चलाई। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने महात्मा गांधी के नाम से गांधी चुरा लिया।

## सरकार संस्थाओं के नाम बदलने व उसके नेता कालोनी काटने में व्यस्त : दीपेंद्र हुड्डा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

लोकसभा सांसद दीपेंद्र सिंह हुड्डा ने शुक्रवार को भाजपा सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि भाजपा केवल योजनाओं और संस्थानों के नाम बदलने में व्यस्त है, जबकि जमीनी स्तर पर कोई ठोस काम नहीं हो रहा। आमजनता कष्ट झेल रही है और भाजपा के विधायक कॉलोनियां काटने में लगे हुए हैं। उन्होंने एक पूर्व मंत्री पर तालाब में प्लॉट काटने के भी आरोप लगाए।वे मॉडल टाउन में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भाजपा की राजनीति द्वेष और बदले की भावना पर आधारित है। विपक्षी दलों के नेताओं पर ईडी और सीबीआई का दुरुपयोग किया जा रहा है। बिहार में लालू यादव के परिवार और पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस के नेताओं पर लगातार छापेमारी इसी राजनीति का उदाहरण है। दीपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा कि मनरेगा से महात्मा गांधी का नाम हटाना भाजपा की सोची-समझी साजिश है। यदि भाजपा को भगवान राम के नाम पर कोई योजना लानी ही थी, तो उसे नई योजना शुरू कर बजट बढ़ाना चाहिए था, न कि पहले से चली आ रही योजना का नाम बदलना। उन्होंने कहा कि हरियाणा पहले ही लाखों करोड़ रुपये के कर्ज में डूबा हुआ है। सरकार के पास बेरोजगारी भत्ता देने, योजनाओं को लागू करने और खेल स्टेडियमों की मरम्मत तक के लिए पर्याप्त धन नहीं है।



### मनरेगा मजदूरों के अधिकारों पर हमला

दीपेंद्र हुड्डा ने आरोप लगाया कि भाजपा मनरेगा मजदूरों के अधिकार छीनने का प्रयास कर रही है। भाजपा शुरू से ही मनरेगा को लेकर असहज रही है और इसे राजनीतिक प्रतिशोध की भावना से देखती रही है। उन्होंने कहा कि यूपीए सरकार की मनरेगा योजना को विश्वभर में सराहना मिली और करोड़ों मजदूरों को इससे रोजगार मिला, इसी वजह से भाजपा को यह योजना पसंद नहीं थी। भाजपा केवल नाम बदलने की राजनीति करती है, काम करने में विश्वास नहीं रखती।

### एचपीएससी चेयरमैन बदले जाने की मांग

दीपेंद्र सिंह हुड्डा ने हरियाणा लोक सेवा आयोग के चेयरमैन की नियुक्ति पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि चेयरमैन बाहर के राज्य से लगाए गए हैं, जबकि 3 करोड़ हरियाणावासियों में कोई भी योग्य व्यक्ति नहीं मिला। यह हरियाणावासियों के अधिकारों पर साजिशन हमला है। सांसद बोले कि हरियाणा के युवाओं को रोजगार नहीं मिल रहा, जिस कारण वे डंकी रूट के जरिए विदेश जाने को मजबूर हैं। वहीं भाजपा सरकार बाहर के युवाओं की भर्ती का ढिंढोरा पीट रही है।

स्टार्टअप्स, उद्यमिता और वैश्विक करियर अवसरों से हुए परिचित

## आईएचटीएम में स्कूली छात्रों ने हॉस्पिटैलिटी और टूरिज्म की दुनिया को करीब से जाना

**छात्रों को आगे बढ़ने की मिली प्रेरणा**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

छात्रों को करियर चयन के लिए जागरूक करने और भविष्य की संभावनाओं से परिचित कराने के उद्देश्य से जॉन वेस्ले कान्वेंट स्कूल के विद्यार्थियों का एक दल अपने अध्यापकों के साथ महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (एमडीयू) के इंस्टीट्यूट ऑफ होटल एंड टूरिज्म मैनेजमेंट (आईएचटीएम) पहुंचा। इस शैक्षणिक भ्रमण का उद्देश्य विद्यार्थियों को हॉस्पिटैलिटी और टूरिज्म क्षेत्र में उपलब्ध रोजगार, स्टार्टअप और अंतरराष्ट्रीय अवसरों की व्यावहारिक जानकारी देना रहा।

भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने संस्थान के विभिन्न प्रशिक्षण किचन, लैब्स और टूरिज्म से जुड़े कार्यक्षेत्रों का अवलोकन किया। हॉस्पिटैलिटी और टूरिज्म को एक ऐसा क्षेत्र बताया गया जो न केवल देश में बल्कि विदेशों में भी करियर के व्यापक अवसर प्रदान करता है। विद्यार्थियों ने इसे भविष्य के लिए एक मजबूत और स्थायी करियर विकल्प के रूप में देखा। इस अवसर पर संस्थान के निदेशक प्रो. आशीष दहिया ने विद्यार्थियों को हॉस्पिटैलिटी और टूरिज्म सेक्टर में तेजी से बढ़ते रोजगार और उद्यमिता के अवसरों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह क्षेत्र केवल होटल या पर्यटन तक सीमित नहीं है, बल्कि फूड स्टार्टअप, ट्रैवल टेक्नोलॉजी, इवेंट मैनेजमेंट, वेलनेस टूरिज्म, हॉस्पिटल फूड सर्विसेज और क्लाउड किचन जैसे अनेक नए क्षेत्रों में युवाओं को आगे बढ़ने का अवसर देता है।


रोहतक। छात्रों को हॉस्पिटैलिटी और टूरिज्म सेक्टर की जानकारी देते प्रोफेसर।

### रोजगार के नए मॉडल विकसित किए

विद्यार्थियों ने एमडीयू फूड पार्क में स्थित समावेशी फूड ट्रक स्टार्टअप डैफेटेरिया और मोयो इन्क्यूबेटर का भी भ्रमण किया। यहाँ उन्होंने स्टार्टअप्स की कार्यप्रणाली को समझा और यह जाना कि कैसे नवाचार और समावेशिता को जोड़कर रोजगार के नए मॉडल विकसित किए जा रहे हैं। इस दौरान विद्यार्थियों को भारतीय सांकेतिक भाषा की भी जानकारी दी गई, जिससे वे सामाजिक समावेशन के महत्व से परिचित हुए। फैकल्टी सदस्य डॉ. अनूप ने बताया कि टूरिज्म वर्ष भर चलने वाला व्यवसाय है, जिसमें अकादमिक और इंडस्ट्री दोनों क्षेत्रों में करियर की अपार संभावनाएं हैं। वहीं डॉ. संजीव ने होटल, हॉस्पिटल और सेवा क्षेत्रों में गेस्ट सर्विसेज, कम्युनिकेशन और ग्राहक अनुभव से जुड़ी भूमिकाओं की बढ़ती मांग पर प्रकाश डाला। प्रो. संजीव मलिक ने कहा कि स्वास्थ्य और वेलनेस पर बढ़ते सरकारी फोकस के कारण हेल्दी मेन्यू प्लानिंग, डाइटेटिक्स, हॉस्पिटल फूड सर्विसेज और वेल-बिइंग से जुड़े करियर विकल्प तेजी से उभर रहे हैं। उन्होंने यह भी बताया कि क्यूलिनरी क्षेत्र में क्लाउड किचन और डार्क किचन जैसी नई अवधारणाएँ युवाओं के लिए स्वरोजगार और स्टार्टअप के नए अवसर पैदा कर रही हैं। डॉ. शिल्पी ने बताया कि पिछले कुछ वर्षों में दिल्ली और राष्ट्रीय राजमार्गों के आसपास बैंकेट हॉल, ढाबों और फूड आउटलेट्स की संख्या में तेज वृद्धि हुई है, जो देश में हॉस्पिटैलिटी और टूरिज्म सेक्टर की मजबूत मांग को दर्शाती है। विद्यार्थियों को हॉस्पिटैलिटी की प्रमुख शाखाओं और टूरिज्म के विविध क्षेत्रों की व्यवहारिक जानकारी भी दी गई। इस शैक्षणिक भ्रमण के दौरान रिसर्च स्कॉलर्स डॉ. नीरज, पुष्पेंद्र, यश, साहिल और सुप्रिया ने विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया और उन्हें हॉस्पिटैलिटी व टूरिज्म कार्यक्रमों में पढ़ाए जाने वाले विषयों और स्किल आधारित शिक्षा प्रणाली से अवगत कराया। जॉन वेस्ले कॉन्वेंट स्कूल की प्रिंसिपल एवं निदेशक डॉ. ममता मलिक ने विश्वविद्यालय प्रशासन का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस तरह के शैक्षणिक भ्रमण विद्यार्थियों को पारंपरिक करियर विकल्पों से हटकर नए और वैश्विक संभावनाओं वाले क्षेत्रों को समझने में मदद करते हैं और उन्हें भविष्य के लिए अधिक आत्मविश्वासी बनाते हैं।

## बाबा मस्तनाथ विवि में पतंग बनाओ प्रतियोगिता में आकाश रहा प्रथम

■ प्रतियोगिता में हर्ष सैनी व आदित्य द्वितीय, यशस्वी और तन्नू तृतीय स्थान पर रहे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय के विधि विभाग में विद्यार्थियों की रचनात्मक प्रतिभा को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से पतंग बनाओ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम कुलपति प्रोफेसर (डॉ) बीएम यादव एवं रजिस्ट्रार डॉ. विनोद कुमार के कुशल मार्गदर्शन में विधि संकाय परिसर में सम्पन्न हुआ। प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने अपनी कल्पनाशीलता तथा कलात्मक कौशल का सुंदर प्रदर्शन किया।

प्रतियोगिता के परिणामों में आकाश ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। हर्ष सैनी और आदित्य ने संयुक्त रूप से द्वितीय स्थान हासिल किया, जबकि यशस्वी और तन्नू को तृतीय स्थान के लिए चुना गया। इसके अतिरिक्त हर्ष, यशिबा और रिया जैन ने भी प्रतियोगिता में सक्रिय भागीदारी की और उनकी प्रस्तुतियों की सभी ने सराहना की।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एवं मुख्य वक्ता के रूप में मानविकी संकाय के प्रो. (डॉ) बाबू राम उपस्थित रहे। उन्होंने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि पढ़ाई के साथ-साथ इस प्रकार की रचनात्मक और सांस्कृतिक गतिविधियां विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। उन्होंने विधि विभाग द्वारा किए गए इस प्रयास की सराहना की और छात्रों को आगे भी ऐसी गतिविधियों में भाग लेने के लिए प्रेरित किया।

इस प्रतियोगिता का आयोजन संयोजक डॉ. परमीला और आयोजन सचिव डॉ. सोनिया के नेतृत्व में सम्पन्न हुआ। विभाग के डीन डॉ. मनीष दलाल ने सभी विजेताओं को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।


रोहतक। बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय के विधि संकाय में पतंग बनाओ प्रतियोगिता के विजेता विद्यार्थी।